
## एक नजर में

### अजाक्स ने मरीजों को बांटे फल



**खरगोन।** अधिकारी- कर्मचारी संगठन अजाक्स पदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रांताध्यक्ष जेएन कांसोटिया का जन्मदिन सामाजिक सरोकार दिवस के रुप में मनाया। सुबह पदाधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे यहां उपचाररत मरीजों को फल वितरित कर उनकी अच्छी सेहत की कामना की। जिलाध्यक्ष बलीराम निगोले, जिला कोषाध्यक्ष एसके अटोदे, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप करोदिया आदि ने बताया कि प्रांताध्यक्ष श्री कंसोटिया संगठन के माध्यम से न केवल अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी- कर्मचारियों के हक-अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे है, बल्कि वे मानव सेवा का भाव लिए सभी के हितों के लिए आवाज उठाते है। हम सब उनके जन्मदिन पर उनके दिर्घायु होने की कामना लिए, मरीजों के बीच केले, सेवफल का विभिन्न वार्डों में उपचाररत मरीजों के बीच वितरण किया गया।

### नगर भ्रमण पर निकले भगवान काशी विश्वनाथ



**मंडलेश्वर।** यदि स्वयं भगवान मंदिर से बाहर आकर जनता को आशीर्वाद दे तो नजारा स्वर्ग से कम नहीं होता। ऐसा ही नजारा नगर में सोमवार को देखने को मिला, काशी सेवा समिति एवं धर्म जागरण मंच के सौजन्य से परंपरागत निकलने वाली, नगर के राजा, भगवान काशीविश्वनाथ की शाही सवारी में। सोमवार को नगर के अधिष्ठाता भगवान काशी विश्वनाथ ने अपनी शाही सवारी के साथ नगर भ्रमण किया। नर्मदा अप्रोच रोड स्थित टोकेश्वर मंदिर से शुरू हुई शाही सवारी सर्वप्रथम काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची। शिव डोले की शुरुवात में काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के सामने शासकीय बालक विद्यालय के एनसीसी के 9 एमपी बटालियन के केडेट्स ने भगवान की पालकी को सलामी दी। तत्पश्चात भगवान का नगर भ्रमण, शाही सवारी के रूप में प्रारंभ हुआ। जेल रोड होते हुए शाही सवारी अंबेडकर भवन चौराहे से कसरावद मार्ग होते हुए बस स्टैंड चौक पहुंची। बस स्टैंड चौक के पूर्व कसरावद फाटे पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव के नेतृत्व में संस्था सत्य मेव जयते एवं बालाजी ग्रुप द्वारा भगवान की शाही सवारी का भव्य स्वागत किया गया। बस स्टैंड से मुख्य बाजार होते हुए घंटाघर चौक पर शिवशक्ति मिलन एवं नर्मदा किनारे स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में हरी हर मिलन संपन्न हुआ। शाम 6-40 पर शाही सवारी में सम्मिलित ध्वनि विस्तारक यंत्रों में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सानिध्य में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। शाही सवारी के काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में पहुंचने पर भगवान की महाआरती कर छप्पन भोग लगाया गया।

### आज युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

**खरगोन।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय खरगोन में 13 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस ड्राइव में आईसीए एडु स्कील प्रा. लि. द्वारा मेसन, फार्मवर्क, कारपेंटर और स्टील फिक्सर जैसे पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं पास होना अनिवार्य है। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रीतिबाला सस्ते ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रति माह 18 हजार रुपये वेतन मिलेगा तथा उन्हें मुंबई, पुणे, नोएडा और दिल्ली जैसे शहरों में नियुक्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा निःशुल्क आवास की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ रिज्यूम/सीवी, रोजगार पंजीयन कार्ड, समग्र आईडी, आधार कार्ड, प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

### केन्द्रीय दिव्यांग छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**खरगोन।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर 25 जून 2025 से प्रारंभ कर दिया गया है। उप संचालक सामाजिक न्याय श्री धर्मेन्द्र गांगले ने बताया कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कक्षा 9वी से 10वी, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कक्षा 11वी से यूजी, पीजी, डिप्लोमा स्तर तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्री-मैट्रिक योजना के लिए 31 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। संस्थान द्वारा आवेदन सत्यापन की अंतिम तिथि प्री-मैट्रिक के लिए 15 सितम्बर और पोस्ट-मैट्रिक योजना के लिए 15 नवम्बर 2025 निर्धारित है। इच्छुक विद्यार्थी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर जाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

### 14 अगस्त को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की द्वितीय किश्त का होगा वितरण

**खरगोन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 की द्वितीय किश्त वितरण कार्यक्रम 14 अगस्त 2025 को मण्डला जिले में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए जिले एवं ब्लॉक स्तर पर सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए सभी ग्राम पंचायतों में इस प्रसारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए लिंक के माध्यम से प्रसारण देखा जा सकेगा। जिले के समस्त हितग्राही वेबकास्ट लिंक के माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम को देख व सुन सकेंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर एसडीएम श्री बीएस कलेश, उप संचालक श्री एसएस राजपूत एवं उप संचालक उद्यानिकी श्री केके गिरवाल को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# 17 घंटे में नगर भ्रमण के बाद तड़के मंदिर पहुंचा श्री सिद्धनाथ महादेव कारवां

## तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, तड़के 3 .30 बजे हुई समापन आरती

नवभारत न्यूज

**खरगोन। देवाधिदेव अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव व भगवान श्री महाबलेश्वर महादेव का शिवडोला 17 घंटे तक अनवरत नगर भ्रमण करने के बाद दूसरे दिन तड़के मंदिर परिसर पहुंचा। यहां गुरुवार प्रातः चार बजे समापन आरती के बाद 57वें शिवडोले को विराम दिया गया।**



शिवडोला भादौ बदी दूज 11 अगस्त सोमवार सुबह 9 बजे भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में पूजा.अर्चना, अभिषेक बाद प्रारंभ हुआ था। शिवडोला में जिले सहित प्रदेशभर के तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। शिवडोला समिति ने आयोजन में प्रत्यक्ष.अप्रत्यक्ष सहयोग पर सभी का आभार व्यक्त किया है।

सार्वजनिक श्रावण मास समारोह आयोजन समिति, श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर भावसार मोहल्ला के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया मंगलवार प्रातः 3-50 बजे श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में 57वें शिवडोला की समापन महाआरती हुई। एडीएम रेखा राठौड़, एएसपी शकुंतला रूहल के साथ एसडीएम बीएस कलेश, शिवडोला समिति अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी, मंदिर स्थापनकर्ता मल्लीवाल परिवार के गुलाबचंद माणकचंद भावसार, समिति सरंक्षक मनोहर भावसार ने आरती की। समिति पुजारी पं. राजू महाराज ने आरती संपन्न करवाई।

### सामाजिक समरसता का दिया संदेश

शिवडोला में इंदौर, धार, हरदा, धार सहित विभिन्न राज्यों के सैकड़ों कलाकारों ने लोक कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एकता व सामाजिक समरसता का संदेश दिया। शिवडोला में पुलिस बैंड की उपस्थिति आकर्षण का केंद्र रही। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु झांकी, अखाड़े, नृत्य दल व अन्य प्रस्तुतियों को निहारते रहे। शिवभक्तों की सेवा में देररात तक सेवा स्टॉल सजे रहे।

## तिरंगा यात्रा में दिलाई स्वच्छता की याद राष्ट्रगान के साथ समापन

नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत नगर परिषद बिस्टान द्वारा सुबह द्य 11 बजे नगर परिषद कार्यालय से स्कूली बच्चों ने राष्ट्रध्वज हाथ में थाम कर तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ नगर परिषद अध्यक्ष डेम सिंह नार्वे ,चंदर सिंह वास्कले ,पार्षद प्रेमलाल मोरे राजेश पवार रवि राठौड़ ( सी एम ओ संतोष परासर )भाजपा मंडल अध्यक्ष बंटी राठोर कारोबारी जगदीश पाटिल विष्णु सिंह दांगी अखिलेश वर्मा भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश मालवीय ने भी तिरंगा थाम कर कदमताल की ।तिरंगा यात्रा नगर परिषद से होते हुए बस स्टैंड से स्कूल मैदान और विभिन्न प्रमुख मार्गो से होकर वापस नगर परिषद में पहुंची। जहां नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा स्कूली छात्रों और गणमान्य लोगों को स्वच्छता की जानकारी दी गई इसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान हुआ ।इस अवसर पर शासकीय संदीपनी स्कूल सहित नगर परिषद स्टाफ और गणमान्य शामिल रहे।





# तीन दिन के अवकाश के बाद फिर राजस्व अधिकारियों ने दिया धरना

## शासन के कार्य विभाजन का कर रहे विरोध

नवभारत न्यूज

**खरगोन। तीन दिन के शासकिय अवकाश के बाद मंगलवार से फिर जिले के राजस्व अधिकारियों ने काम का बहिष्कार कर कलेक्टर कार्यालय परिसर में धरना दिया।**

उल्लेखनीय है कि राजस्व अधिकारियों ने अपने न्यायिक और गैर.न्यायिक कार्यों के विभाजन के विरोध में 6 अगस्त से राजस्व संबंधी कामकाज बंद कर दिया है। हालांकि, वे इस दौरान न तो सामूहिक हड़ताल पर है, न ही अवकाश पर। धरनारत अधिकारियों का कहना है कि वे मुख्यालय पर ही तैनात है, लेकिन कामकाज नही करेंगे।

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को धरनारत तहसीलदार महेंद्र दांगी, नायब तहसीलदार विजय उपाध्याय आदि ने बताया कि राजस्व मंत्री ने शुरुआत में 12 जिलों में एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर राजस्व अधिकारियों के काम के बंटवारे के आदेश दिए थे, बाद में इसे 9 और जिलों में भी लागू कर दिया गया। इसी के विरोध में काम का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। आपदा प्रबंधन के अलावा सभी कार्यों से खुद को अलग रखेंगे। अधिकारियों की मांग है कि कार्यपालिक दंडाधिकारी की शक्तियां पुलिस या सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपी जाएं, ताकि राजस्व अधिकारियों को उनके मूल कार्यों से अलग न किया जाए।

## नगर भ्रमण पर शाही अंदाज में निकलेंगे आज अर्धनारीकेश्वर

नवभारत न्यूज

**बिस्टान नि प्र ।** बिस्टान भादवा तिथि की चौथ यानी बुधवार को नगर भ्रमण पर शाही अंदाज में निकलेंगे अर्द्ध नारीकेश्वर महादेव प्रजा का हाल जानेंगे भक्तजनों ने भी शिव डोले को लेकर व्यापक त्यारिया कर ली है । बस इंतजार है अपने महादेव का सेवा में पलक पावड़े बिछाकर युवा संगठन समाजिक संगठन झांकी संगठन स्टाल संचालक अपनी सेवाए देने को तैयार है । महादेव के चल समारोह का निर्धारित मार्ग पर नगर परिषद बिजली विभाग के सहयोग से बिजली की माकूल व्यवस्था की गई।

# किसान को चकमा देकर दिनदहाड़े चुराई थी रुपयों से भरी थैली

## सीसीटीवी की मदद से पकड़ाया चोर

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** बैंक से रुपए निकालने के बाद बाईक पर रुपयों से भरी थैली लेकर लौट रहे किसान को दिनदहाड़े चकमा देकर रुपए चुराने वाला शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा है। एक सप्ताह पहले भरे बाजार रुपयों से भरी थैली लेकर भागने वाला चोर सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस के हाथ लगा है। पुलिस ने आरोपी से चोरी किए 1 लाख 20 हजार रुपए भी बरामद किए है।

सनावद थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 4 अगस्त को राकेश निवासी ढसगांव ने सूचना दी कि वो कृषक होकर आईडीबीआई बैंक शाखा सनावद से 1 लाख 20 हजार रुपये निकालने के बाद बाईक से मोटक्का चौराहा पर एक मेडिकल दुकान पहुंचा था। यहां बाईक पर टंगी रुपयों से भरी थैली एक लड़का लेकर भाग गया, वहां मौजूद लोगों के शोर मचाने पर उसका पीछा भी किया, लेकिन वह बस स्टैंड की ओर भागते हुए भीड़ में आंखों से ओझल हो गया।

### नाले के पास से किया गिरफ्तार

पुलिस ने किसान की शिकायत पर चोरी की तलाश शुरु की। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। जिसके आधार पर संदिग्ध शातिर कडिया सासी चोर गिरोह के अर्जून पिता कालिया उर्फ काढा निवासी ग्राम कडिया सासी जिला राजगढ़ से को लेडिया खाल के नाले का पास से गिरफ्तार किया। उसके पास मिली थैली में 500 रुपये की दो गड्डी तथा 200 रुपये की एक गड्डी कुल 1 लाख 20 हजार रुपये नगदी मिले, जिसे जब्त किया गया है।

# सांदीपनी एकेडमी के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित किया शोध-पत्र

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** सांदीपनी एकेडमी के लिए गर्व का क्षण है, जब कक्षा 12वीं विज्ञान के दो प्रतिभाशाली छात्र ऋषभ पाटीदार और प्रभाष मंडलोई ने अपने शोध-पत्र एनवायरो ट्रैक - मॉनिटरिंग में क्रांति को इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंजीनियरिंग रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी (द्रढ्ढश्वक्रञ्ज) में प्रकाशित कर वैश्विक शैक्षणिक मंच पर अपनी पहचान बनाई। यह जर्नल एक प्रतिष्ठित, समीक्षित, मुक्त-प्रवेश और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रकाशन है, जो गूगल स्कॉलर और रिसर्चगेट में सूचीबद्ध है।

यह नवोन्मेषी प्रोजेक्ट, श्री संजय वर्मा (एटीएल इंचार्ज) और श्री गगन पुराणिक (पीजीटी बायोलॉजी) के कुशल मार्गदर्शन में तैयार किया गया है, जो कम लागत, ऊर्जा-कुशल और विस्तार योग्य समाधान प्रदान करता है। यह प्रणाली अर्डिनो तकनीक पर आधारित है, जो तापमान, आर्द्रता, मिट्टी की नमी और वर्षा का वास्तविक समय में मापन करती है तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में स्वतः शीतलन प्रणाली या सुरक्षात्मक आवरण सक्रिय कर देती है।




### उत्कृष्ट समंवय की प्रशंसा की

कृषि, ग्रीनहाउस, गोदाम, खाद्य प्रसंस्करण और जलवायु-संवेदनशील विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया एनवायरो ट्रैक किसानों को सशक्त बनाने, फसल उत्पादन बढ़ाने और अत्यधिक गर्मी या वर्षा से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को कम करने का लक्ष्य रखता है। उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री संजय वर्मा ने छात्रों की मेहनत और नवोन्मेषी सोच की सराहना की, वहीं श्री गगन पुराणिक ने इस प्रोजेक्ट की वास्तविक जीवन में प्रभाव डालने की क्षमता पर जोर दिया। दोनों मार्गदर्शकों ने कम उम्र में विज्ञान, तकनीक और व्यावहारिक समस्या समाधान के उत्कृष्ट समन्वय की प्रशंसा की।

### बारिश की खेंच से सूखे के हालात, सुखती फसलें बचाने किसानों ने की तालाब में पानी छोडने की मांग

**खरगोन।** जिले में बारिश की कमी के कारण सूख रही फसलों से परेशान किसानों ने तालाबों में पानी छोडने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही पानी नहीं छोड़ा गया तो उनकी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगी। तहसील कार्यालय खरगोन स्थित मौसम वैधशाला में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 21.8 व अधिकतम तापमान 31.8 डि.से दर्ज किया गया।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम गुजारी के किसान हिम्मत चौहान, भूपेंद्र चौहान, सुरेश मंडलोई आदि ने बताया कि क्षेत्र में उद्वहन सिंचाई योजना की नहरों से दो तालाबों में पानी छोड़ा जाता है, वर्तमान में तालाब क्रमांक -1 में तो पानी है, लेकिन दो में पानी नही छोडने से तालाब रीता पड़ा हुआ है, नतीजतन किसान सिंचाई के लिए परेशान हो रहे है।अगर तालाबों में पानी नहीं छोड़ा गया तो हमारी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगी। किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द तालाब में पानी छोड़ा जाए, ताकि हम अपनी फसलों को बचा सकें।

**एक नजर में** | **शिवडोले में पंजाबी साहित्य अकादमी की प्रस्तुति को मिली सराहना**

# खालसा युद्ध कला में दिखाया शौर्य, गिद्दा और भंगड़ा ने मोहा मन, प्रस्तुतियां देखने में उमड़े दर्शक

नवभारत न्यूज

**खरगोन। धर्म के साथ लोक संस्कृति को सहेजे शहर में निकले 57वें शिवडोले में पंजाब के भांगड़ा और गिद्दा नृत्य से सांस्कृतिक विरासत तो खालसा युद्ध कला की हैरत. अंगेज प्रस्तुतियों ने सिक्ख समाज के शौर्य और वीरता का परिचय दिया।**



नृत्य और युद्ध कला के दलों की प्रस्तुतियों को देखने हजारों की संख्या में दर्शक मंच के सामने जुटे रहे। 12 सदस्यीय दल ने खालसा युद्ध कला की प्रस्तुतियों में वीरताए साहस और धार्मिकता का प्रदर्शन कर अदम्य साहस और बलिदान को दर्शाया।

शहर के सनावद रोड़ पर एसडीओपी कार्यालय के सामने पंजाब साहित्य अकादमी मप्र शासन संस्कृति विभाग के मंच पर सुबह 11 बजे से देरशाम तक चली इन प्रस्तुतियों ने शिवभक्तों के उत्साह को दोगुना कर दिया। अकादमी समन्वयक कमलजीत सिंह गांधी ने बताया भांगड़ा और गिद्दा पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं और इन नृत्यों की जीवंत प्रस्तुतियों ने देश की सांस्कृतिक विरासत है तो वही खालसा युद्ध कला सिक्ख समाज के गुरुओं के बलिदान और शौर्य का प्रतीक है। के साथ ही अनेकता में एकता के संदेश को बढ़ावा दिया है।

आयोजन में सार्वजनिक श्रावण मास शिवडोला उत्सव समिति एवं श्री गुरुसिंघ सभा के संरक्षक मंजीत सिंह चावला, प्रधान हरचरण सिंह भाटिया, जसबीर सिंह भाटिया, सोनू भाटिया, राजा भाटिया, परमीत सिंह भाटिया, शिव डोला समिति के अध्यक्ष नवनीत भंडारी, संरक्षक मनोहर भावसार, सचिव विनीत महाजन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### दिल्ली की मुंडे भंगडे दे टीम द्वारा आयोजन किया

अकादमी के निदेशक सरदार इंद्रजीत सिंह खनूजा ने बताया अकादमी के द्वारा पंजाबी संस्कृति को प्रदेश में जन .जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के बड़े उत्सव शिवडोला में पंजाब की सुरजीत गतका स्पोर्ट्स क्लब एवं दिल्ली की मुंडे भंगड़े दे टीम द्वारा प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया था। आयोजन में स्वामी डॉ. रामेश्वरानंद हरी अंतर्राष्ट्रीय संत प्रमुख पुष्कर राज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव के दर्शन, आशीर्वाद प्राप्त कर पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया।